53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 27.7°c
अधिकतम 35.5 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:49, सूर्यास्त - 6:55 | वर्ष : 53/अंक : 228 मंगलवार, 19 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

माँ के बाद सिर्फ हिम्मत मनुष्य का साथ देती है जो मनुष्य को कभी हारने नहीं देती।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

**चुनाव आयोग को लेकर संसद में हंगामा नहीं होना चाहिए : किरन रिजिजू**



सिर्फ हंगामा खड़ा करना ही अब मकसद बना... सारी कोशिश है के ये संसद न चलनी चाहिए.......

# नहीं हो रहे असामाजिक तत्वों के हौसले कम, पीट-पीटकर निकाल दिया युवक मोनू का दम

**बुढ़ाना, 18 अगस्त (बु.)।** यदि किसी को यह भ्रम हो कि असामाजिक तत्वों के हौसले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में कुछ कम हो रहे हैं तो यह भ्रम पालने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आए दिन मुजफ्फरनगर जनपद से ही इनके हौसलों का साफ पता चल रहा है, मगर आम आदमी जब तक यह बात नहीं मानेगा, तब तक कोई बड़ी घटना घटित न हो जाए। बुढ़ाना में सोमवार को दिन निकलते ही उस समय सनसनी फैल गयी, जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई कि एक युवक की पिटाई असामाजिक तत्वों के मौहल्ले करबला के निकट रविवार को जमकर की गयी थी और आज उस युवक की मौत हो गयी। पहले तो पुलिस प्रशासन द्वारा मीडिया ने इस वीडियो की पुष्टि कराई, पुष्टि होने पर वास्तव में ही वह वीडियो बुढ़ाना के ही मौहल्ला पछाला के रहने वाले 30 वर्षीय मोनू तितौरिया पुत्र जगवीर की थी। मोनू को करबला रोड निवासी रियाज मलिक के मकान के मुख्य गेट में घुस जाने के कारण पीटा गया। क्षेत्र के



लोगों ने उस पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए उसकी पिटाई कर डाली और मकान के अंदर ले जाकर ही इतनी पिटाई की गयी कि मोनू अपनी जान बचाने के लिए बेड के नीचे जा घुसा। असामाजिक तत्वों ने उसे खींचकर बेड के नीचे बाहर निकाला और उसे मारते मारते अधमरा कर दिया। इसी हालत में मोनू घर पहुंचा और परिजनों को घटना के बारे में कुछ नहीं बताया और सो गया। मगर सोमवार की सुबह जैसे ही मोनू की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते-होते परिजनों तक पहुंची और परिजनों उससे कुछ पूछते मगर उससे पहले ही मोनू अपने बेड पर ही दम तोड़ चुका था। जब परिजन उसके कमरे में गए और उसे मृत पाया तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को दी तो मौके पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र, एसएसआई ललित शर्मा और कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार पुलिसबल लेकर मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत करते हुए मृतक मोनू के शव को पीएम के लिए भिजवाकर इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया गया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली और बुढ़ाना पुलिस को घटना के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर पूर्व विधायक उमेश मलिक व बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी भी पहुंचे। जिन्होंने मृतक युवक मोनू के परिजनों को सांत्वना दी। आज रात पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर स्वामी यशवीर महाराज ने मोनू के हत्यारों को गोली मारने की मांग की है।

### 5 लोगों के खिलाफ हुई हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** असामाजिक तत्वों द्वारा की गयी पीट-पीटकर मोनू की हत्या में मोनू की पत्नी करिश्मा की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आपको बता दें कि मोनू की पत्नी करिश्मा ने नवाब पुत्र नामालूम, इरफान पुत्र कालू, सलमान पुत्र नामालूम, शाकिब पुत्र सादी, फरीद पुत्र शहीद, इसरार पुत्र समेदीन ईशान पुत्र कालू के विरुद्ध अपनी तहरीर दी है, मगर पुलिस ने इनमें से पांच लोगों पर हत्या का मुकदमा व बाकी अन्य लोगों पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया है। वीडियो की पुष्टि व जांच के बाद पुलिस अभी और लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करेगी।

## अपनी कौम का नाम रोशन कर रहे भाईजान : अब 1.25 करोड़ की स्मैक के साथ पकड़े गए कामरान और मेहरबान



**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** अपने अनैतिक कार्यों से लगातार मुजफ्फरनगर जनपद में तो भाईजान अपनी कौम का नाम मशहूर कर ही रहे हैं, इसी के साथ-साथ पूरे प्रदेश में फिर एक बार चर्चा होने लगी है कि असामाजिक तत्व 2017 से पहले की सरकारों की तरह पुनः अपने पैर पसारने लगे हैं। पिछले डेढ़ माह में 40 से अधिक भाईजान अलग-अलग अनैतिक कार्यों में पकड़े जा चुके हैं। इनमें दो लोग और शामिल हो गए। सोमवार को फिर से एक बार खालापार पुलिस को बड़ी सफलता मिली और पुलिस ने 152 ग्राम स्मैक के साथ दो मोबाइल, एक इलेक्ट्रोनिक धर्मकांटा बरामद करने के साथ-साथ कफील उर्फ कामरान व मेहरबान निवासीगण मोहल्ला फतेहगंज थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली को गिरफ्तार किया है। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान की मानें तो ये दोनों आरोपी उस समय पकड़े गए जब वहलना पुल के निकट उनकी टीम चैकिंग कर रही थी। पुलिस ने पुल के नीचे दो संदिग्ध युवकों को खड़े देखा तो उनसे पूछताछ की। पूछताछ करते ही दोनों आरोपी भागने लगे मगर पुलिस ने दोनों की घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से 152 ग्राम स्मैक, दो मोबाइल व एक इलेक्ट्रानिक धर्मकांटा बरामद किया है। आरोपियों ने बताया कि वे उक्त स्मैक बरेली से खरीदते थे तथा जनपद सहित आसपास के जनपदों में डिमांड पर सप्लाई करते थे। कल उक्त दोनों को जिस व्यक्ति को स्मैक सप्लाई करनी थी, वह किसी कारणवश सप्लाई नहीं ले पाया, जिस कारण दोनों तस्कर हरियाणा जाने के लिए यहां खड़े हुए थे और तभी चैकिंग के दौरान दोनों पुलिस पकड़ में आ गए। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि दोनों आरोपियों पर उत्तराखंड व यूपी में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनकी डिटेल पुलिस खंगाल रही है ताकि स्मैक की सप्लाई लेने वाले तक पुलिस पहुंच सके। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों का पूछताछ के बाद चालान कर दिया है। एसपी सिटी ने बताया कि बरामद स्मैक की इंटरनेशनल बाजार में लगभग सवा करोड़ रुपए आंकी है।

## पूर्व विधायक उमेश मलिक बोले-हत्या करने की मंशा से की गयी मोनू की पिटाई, आरोपियों पर लगेगी रासुका

**बुढ़ाना।** बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक को जैसे ही हिन्दू युवक मोनू की मौत की सूचना का पता चला तो वे तुरन्त शहर से बुढ़ाना पहुंचे और सबसे पहले मृतक के परिवार के बीच पहुंचकर उन्हें ढाढस बंधाया। इसके बाद पुलिस उक्त मामले में बातचीत कर सभी आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की बात कही और मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार में भी असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद बेशक हो रहे हों, मगर इनका ऐसा उपचार किया जायेगा कि ये हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने वर्ष 2018 का स्मरण कराते हुए बताया कि ऐसी ही घटना उनके कार्यकाल में हुई थी, तब भी उन्होंने असामाजिक तत्वों पर रासुका लगवाने का काम किया था और अब भी सख्त धाराओं में मुकदमा तो दर्ज होगा ही साथ ही साथ वे सीएम को पूरे मामले की जानकारी देकर पकड़े गए असामाजिक तत्वों पर रासुका लगवाने का काम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों ने मोनू को घेरकर मारा है और पोस्टमार्टम भी यह तस्वीर साफ कर देगा कि किस बर्बरता के साथ मृतक मोनू की पिटाई की गयी।



## बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को जिला अस्पताल लेकर गई थी, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित किया है। पुलिस ने दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को भोपा थाना क्षेत्र गांव बेहड़ा अस्सा निवासी हिमांशु त्यागी अपनी बाइक से पुरकाजी जा रहा था, वहीं पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव रंडावली के रहने वाले सेटू अपनी बाइक से पचैंडा रोड स्थित फैक्ट्री में काम करने के लिए आ रहा था। जैसे ही दोनों बाइकों पर सवार लोग नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बागोवाली चौराहे पर पहुंचे तो दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची नई मंडी कोतवाली पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना देते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया





हैं। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों के परिवारजनों में कोहराम मच गया।

## जहरीले सांप ने भाई बहन को डसा, हुई मौत

**बुढ़ाना, 18 अगस्त (बु.)।** जहरीले सर्प ने बेड पर सो रहे भाई-बहन को डसकर मौत के घाट उतार दिया। घटना को लेकर पूरे गांव में शोक है। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के गांव करौदा महाजन निवासी राजेश कुमार पंजाब राज्य के जिला जालंधर में नौकरी करता है। उसकी पत्नि प्रतिभा अपनी 12 साल की बेटी तमन्ना तथा 8 साल के बेटे पारस के साथ गांव में रहती है। तमन्ना कक्षा-3 तथा पारस कक्षा-2 का छात्र था। बीती रविवार की देर रात के समय दोनों भाई बहन बेड पर सो रहे थे। इसी दौरान सर्प उनके घर में घुस गया। सर्प ने पारस के होठ तथा तमन्ना की उंगली में काट लिया। बहन भाई का डसने के बाद सर्प कमरे के कोने में बैठ गया। देर रात के समय अचानक बहन भाई की तबीयत बिगड़ने लगी। माता प्रतिभा ने गांव के चिकित्सक को बुलाकर उन्हें दिखाया। चिकित्सक ने उन्हें शामली चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी। इसी दौरान परिवार वालों को कमरे के कोने में बैठा हुआ सर्प दिखाई दिया। परिजनों ने सर्प को जिंदा पकड़कर खेत में छोड़ दिया। दोनों भाई-बहन को परिजन शामली चिकित्सालय ले गए। घटना की सूचना परिजनों ने बच्चों के पिता राजेश को दी। सूचना मिलते ही राजेश भी गांव में आ गया।





शामली चिकित्सालय में उपचार के दौरान भाई-बहन की मौत हो गई। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन भाई-बहन को लेकर किसी महात्मा व झाड़-फूंक करने वालों के पास ले गए। उन्होंने भी ला इलाज बताया। समाचार लिखे जाने तक परिजन दोनों भाई बहन को लेकर किसी महात्मा के पास गए है। घर पर कुशलक्षेम पूछने वालों का तांता लगा है। घटना को लेकर गांव में शोक है और परिजनों में कोहराम मचा है।


**हमारे प्रेरणा पुंज, मार्गदर्शक एवं नि: स्वार्थ रूप से समाज की सेवा के लिए सदैव प्रेरित करने वाले परम पूज्य पिताजी**

जन्म :- 24 सितम्बर 1946, निर्वाण :- 19 अगस्त 2015



**स्व. चितरंजन स्वरूप जी** (पूर्व मंत्री उ०प्र० सरकार)

**की दसवीं पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि**

कर्मबोध व अनन्त श्रमसाध्य के आदर्श से प्रेरित आपका जीवन हमें सदैव पथ प्रदर्शक, दिग्दर्शक के रूप में अनन्त ऊर्जाओं से ओत-प्रोत ज्योतिपुंज के समान दिशा प्रदान करता रहेगा। आज हम स्वजन आपकी दसवीं पुण्यतिथि पर आपके द्वारा स्थापित उच्च आदर्श, महान परम्पराओं व पदचिह्नों के आलोक में सतत् अग्रसर रहने का संकल्प लेते हैं।



**गौरव स्वरूप**
वरिष्ठ भाजपा नेता



**मीनाक्षी स्वरूप**
नगर पालिका चेयरमैन



**सौरभ स्वरूप (बंटी)**
वरिष्ठ भाजपा नेता



**विकास स्वरूप (बब्बल)**
वरिष्ठ भाजपा नेता

**शोकाकुल परिवारः-**

करण स्वरूप- कनिका स्वरूप (पौत्र-पौत्रवधू)
कार्तिक स्वरूप- आकांशा कुमार स्वरूप (पौत्र-पौत्रवधू)
कुश स्वरूप- अनुश्रुति स्वरूप (पौत्र-पौत्रवधू)
शगुन अग्रवाल- स्पर्श अग्रवाल (पौत्री-पौत्रीदामाद)
ध्रुव स्वरूप (पौत्र) नंदिनी स्वरूप (पौत्री)
एवं समस्त स्वरूप परिवार








# टाउनहाल में बैंडबाजों का शानदार प्रदर्शन

## - सेक्सोफोन ने पुराने गीतों से बांधा समा, झूमे श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** सोमवार को श्री वीर भारत क्लब की ओर से आयोजित श्री कृष्ण रथयात्रा महोत्सव में नगर के टाउनहाल प्रांगण में आयोजित बैंडबाजों के कंपटीशन ने दर्शकों का मन मोह लिया। सोमवार को संपन्न हुए इस साल के मुकाबले में जहां दिल्ली के बैंड का बाजा बजाते हुए मुजफ्फरनगर के शर्मा बैंड, सुरेश बैंड और पॉपुलर बैंड ने सभी को अपनी और आकर्षित किया और खूब तालियां बटौरी। हालांकि, इस कंपीटिशन में सभी के बीच में सेक्सो फोन ने अपनी अनूठी प्रस्तुति से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने पुराने यादगार गीतों की धुन बजाकर एक अलग माहौल बना दिया। कंपीटिशन में लता मंगेशकर और मौहम्मद रफी के सदाबहार गीतों की धुन पर जब सेक्सो फोन से निकली, तो पूरा माहौल तालियों की इस बीच गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बता दें, यह शोभायात्रा पिछले 70 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है, जिसमें हर साल उत्साह व भव्यता बढ़ती ही जा रही है। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि इसने शहर में एकता और सौहार्द्र का संदेश भी दिया, क्योंकि यहां श्री कृष्ण भक्तों में हिंदुओं के साथ मुस्लिम बैंडबाजे वाले भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है और श्री कृष्ण लीला में राधे कृष्ण के गीतों से समा बांधते है।

# श्री वीर भारत क्लब की नगर में निकली भव्य रथयात्रा, मुख्य मार्गों पर श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

## भक्ति धुनों के बीच में मुख्य चौराहों पर हुई खूब आतिशबाजी

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** श्री वीर भारत क्लब की 70वें श्रीकृष्ण रथयात्रा महोत्सव में सोमवार को टाउनहाल से नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकली रथ यात्रा में श्रद्धालु जमकर झूमे। इससे पूर्व टाउनहाल प्रांगण में संपन्न हुए बैंड कंपीटिशन ने नगर के मुख्य बैंड़ों के साथ दिल्ली-मेरठ व जबलपुर से आए मशहूर राधा ब्रास बैंड की धुनों पर तमाम श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण भक्ति में सराबोर होकर नृत्य किया। इस दौरान आयोजकों ने बैंड स्वामियों प्रतीक चिन्ह, पटका व बैज लगा कर उनका भव्य सम्मान किया। सोमवार को टाउनहॉल मैदान से श्री वीर भारत क्लब की ओर से श्री कृष्ण महोत्सव का 70वां श्रीकृष्ण रथयात्रा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने श्रीकृष्ण-बलराम की पूजा अर्चना करते हुए रथयात्रा का शुभारंभ किया। इससे पूर्व टाउन हाल मैदान में श्री वीर भारत क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जबलपुर से पधारे राधा ब्रास बैंड की सुमधुर धुनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम की इस कड़ी में बैंड कंपीटिशन में दिल्ली के अलावा नगर के मुख्य बैंडों ने सलामी देने के साथ एक से बढ़कर धुनों के बूते श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री वीर भारत क्लब की भव्य श्रीकृष्ण रथयात्रा नगर के हृदय स्थल शिवचौक, भगत सिंह रोड, सर्राफा बाजार, मोती महल, अंसारी रोड होते हुए वापस मालवीय चौक से टाउन हॉल पहुंची। नगर में निकली भव्य रथयात्रा में बैंड बाजों के साथ, झांकियां, ढोल ताशा के अलावा मुख्य मार्गो पर हुई आतिशबाजी लोगों के आकर्षक का केंद्र रही। नगर के मुख्य मार्गो एवं बाजारों में स्थानीय व्यापारियों ने जगह-जगह रथयात्रा का पुष्प वर्षा एवं भगवान को भोग लगाकर स्वागत किया। वीर भारत क्लब अध्यक्ष चन्द्रभान खन्ना व कार्यकारी मंत्री सतीश गर्ग ने बताया कि सोमवार को नगर में श्री वीर भारत क्लब की 70वीं श्रीकृष्ण रथयात्रा भव्य रूप से निकाली गई है। टाउनहान से शुरू हुए इस आयोजन में मुख्य रूप से अमित गर्ग सिल्वरटोन पेपर, राजू आरबी स्टील, निखिल मित्तल, राकेश गर्ग, नरेंद्र गुप्ता एड, रजत गोयल, नीरज अग्रवाल, शोभित गुप्ता, सचिन गोयल, अनमोल मित्तल, अजय गर्ग, अजय गर्ग, अनमोल सिंघल, सौरभ गर्ग, सचिन गोयल, समेत दर्जनों क्लब के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।








# बेंच और बार के बीच जीएसटी कार्यालय राज्य कर विभाग में बैठक संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बुस.)।** सोमवार को बेंच और बार के बीच जीएसटी कार्यालय राज्य कर विभाग में बैठक संपन्न हुई, जिसमें विभाग की तरफ से जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक राजनाथ तिवारी और ज्वाइंट कमिश्नर विशेष जांच शाखा उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने जीएसटी विभाग की ओर से आ रही समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें मुख्य रूप से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आसान बनाना व्यापारी द्वारा बंद कराई गई फर्मों को शीघ्र बंद करना, रिफंड को जल्दी जारी करना, पेनल्टी तकनीकी त्रुटियों पर भी भारी पेनल्टी और पुराने मामलों में ब्याज वसूली। अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं के साथ संवाद में पारदर्शिता एवं सम्मान की कमी, सभी अधिकारी बिना कोई नोटिस दिए हुए डीआरसी-07ए आदेश पारित करके जीएसटी से राशि काट रहे हैं, जबकि यह मांग बैट (वेट) से संबंधित है, पुराने मामलों में विभाग का रिकॉर्ड पूर्ण नहीं है। केवल आरसी (आरसी) जारी किया जाता है। सभी मामलों में अभिलेख (रिकॉर्ड) अधिवक्ता द्वारा ही उपलब्ध कराए जाते हैं। सभी समस्याओं को जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक एवं जॉइंट कमिश्नर विशेष जांच शाखा द्वारा ध्यान पूर्वक सुना गया और निस्तारण का आश्वासन दिया। बैठक में डॉ. एन.के. अरोरा एडवोकेट, अध्यक्ष बार शलभ कौशिक, जनरल सेक्रेटरी असगर मेहंदी, सलिल वत्स, रोहतास कर्णवाल, शहजाद आलम, निधीश गुप्ता, हर्षित गर्ग, हर्ष अरोरा, रवि अग्रवाल, अभिलाष गर्ग, डॉ. तस्लीम अहमद, मुकेश कुमार ढींगरा, सुधीर कुमार तायल, शलभ गर्ग, कृष्ण कुमार, अंकुर मैनी, जावेद सिद्दीकी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# वर्षा के कारण मकान की छत व दीवार अचानक गिरी

**चरथावल, 18 अगस्त (बु.)।** ग्राम रोनी हरजीपुर में लगातार हो रही वर्षा के कारण एक ग्रामीण के मकान की छत व दीवार अचानक गिर गयी। परिवार के सदस्यों ने भागकर जान बचायी। पीड़ित का हजारों रुपए का सामान मलबे में दब गया। भाकियू नेता विकास शर्मा ने अधिकारियों से पीड़ित को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम रोनी हरजीपुर निवासी विजयपाल के मकान की छत व दीवार कई दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण सोमवार को अचानक गिर गयी। मकान में रखा हजारों रुपये का सामान मलबे में दब गया। सूचना पर पहुंचे भाकियू नेता विकास शर्मा ने इसकी सूचना अधिकारियों को देकर ग्रामीण को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की।



# मन्दिर जीर्णोद्धार का कार्य राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा नींव रखवाकर हुआ प्रारम्भ

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बुस.)।** प्राचीन शिव मंदिर धर्मशाला उत्तरी सरवट गेट में मन्दिर जीर्णोद्धार का कार्य स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा नींव रखवाकर इसका शुभारम्भ कराया। इस मुहूर्त में सभी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। यह मंदिर 100 वर्ष पुराना बुढ़िया के मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध है। यहाँ पर 50 वर्ष पहले श्री कृष्ण लीला का आयोजन किया जाता था। वर्तमान में सुन्दरकाण्ड, राम कथा, शिव महापुराण धार्मिक आयोजन किये जाते हैं। मंदिर प्रांगण में नित्य महिलाओं द्वारा कीर्तन भी किया जाता है। मन्दिर में शेरावाली माता, खाटूश्याम, राम दरबार, शनिशिला का प्रायोजन रखा गया है। धर्मशाला में कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों को रुकने की व्यवस्था व मांगलिक कार्यक्रम आयोजन एवं व्यास गद्दी सहित बड़े हाल बनाये जा रहे हैं। प्रबंध कमेटी में योगेंद्र कुमार (अध्यक्ष), संजय सक्सेना (उपाध्यक्ष), सुधीर मित्तल, सुबोध कुमार, अमित गोयल, मनोज कुमार, दिपांशु, श्याम सुन्दर बसल, सुमित त्यागी, जिन्यांशु बसल, अरुण कुमार, सुनील कुमार शर्मा, श्रीचन्द गुप्ता, हरीश त्यागी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, ललित मोहन शर्मा, विजेंद्र पाल सभासद, धर्मन्द्र पुण्डीर, सचिन त्यागी, योगेश दीक्षित, विनय शर्मा, विरेन्द्र पालीवाल, उज्जवल शर्मा (क्रान्ति सेना), अंजनी शर्मा, भूपेंद्र शर्मा आदि लोग उपस्थित हुए।




# बाँके बिहारी सेवा परिवार द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

**चरथावल, 17 अगस्त (बु.)।** कस्बे के शिवचौक पर श्री बाँके बिहारी सेवा परिवार द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें भारी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिवचौक को फूल-मालाओं व लाइटों के साथ सुंदर ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में झांकी ग्रुप के द्वारा सुंदर-सुंदर मनमोहक झांकियों की प्रस्तुतियां दी गई। चरथावल कस्बे के शिव चौक पर श्री बाँके बिहारी सेवा परिवार द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर झांकी ग्रुप के द्वारा सुंदर-सुंदर मनमोहक झांकियों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्यन राज कौशिक, विशेष अतिथि के रूप में थाना प्रभारी जसवीर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम संरक्षक अभिषेक बंसल प्रबंधक सनशाइन एकेडमी एवं समाजसेवी ने समिति का मार्गदर्शन किया। संचालन नवीन गर्ग ने किया। भजन संध्या में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं झांकी ग्रुप ने अपनी आकर्षक झांकियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर ऋषभ बंसल, प्रियांक भारद्वाज, विशांक गोयल, निमिष मित्तल, अपूर्व कंसल, अमित गोयल, विनायक गर्ग, नितिन नामदेव, वंश शर्मा, आकाश गोयल, अंकित गर्ग, आलोक सिंगल, अपूर्व गर्ग, शुभम गर्ग आदि मौजूद रहे।



# शुल्क वृद्धि की मांग को लेकर छोटूराम कॉलेज में धरने पर बैठे विद्यार्थी

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** सरकुलर रोड स्थित चौधरी छोटूराम डिग्री कॉलेज के मुख्य गेट पर सोमवार को शुल्क वृद्धि को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर फीस में की गई वृद्धि को अनुचित बताते हुए इसको वापस लिए जाने की मांग की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले सोमवार को फीस वृद्धि को लेकर दिए गए ज्ञापन में विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन द्वारा लिए गए इस निर्णय से जहां एक ओर छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है, वहीं इस शुल्क वृद्धि के कारण अधिकांश बच्चों को आर्थिक रूप के साथ मानसिक रूप से भी परेशानी हो रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले सोमवार को चौधरी छोटूराम डिग्री कॉलेज के मुख्य गेट पर दिए धरने पर स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शुल्क वृद्धि मामले में कॉलेज प्रशासन ने इन विद्यार्थियों की मांगों का संज्ञान नहीं लिया और अपनी मनमानी जारी रखी तो एबीवीपी इस मुद्दे को लेकर बड़े आंदोलन को भी हर स्तर पर तैयार हैं। उन्होंने इस दौरान कॉलेज प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में शुल्क वृद्धि को अविलंब वापस लिए जाने की मांग की। इस दौरान धरने पर दर्जनों छात्र-छात्राएं एवं एबीवीपी पदाधिकारी मौजूद रहे।




## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम अशोक कुमार से बदलकर अशोक कुमार गर्ग कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। अशोक कुमार गर्ग पुत्र श्री शांति स्वरूप (Ashok Kumar Garg S/o Shri Shanti Swaroop), निवासी 123/7, नॉर्थ सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश - 251001



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# श्रीराम कॉलेज में 79वां स्वतन्त्रता दिवस एवं चेयरमैन डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ का 75वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया



**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बुस.)।** श्रीराम कॉलेज में 79वाँ स्वतन्त्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ का 75वाँ जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज, सासाराम, बिहार ने की। उन्होंने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान की शुरूआत की और अपने प्रेरक संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. एस.एन. चौहान निदेशक, श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग, टी.एस. रावत, प्रेसिडेंट, श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ, डॉ. अश्वनी कुमार प्राचार्य, श्रीराम पॉलिटेक्निक, संकल्प कुलश्रेष्ठ सचिव, एसआरजीसी, मुक्ता कुलश्रेष्ठ, प्रेसिडेंट, एसआरजीसी-एकीकृत परिसर, सुधा मजूमदार उपाध्यक्ष, श्रीराम कॉलेज, डॉ. गिरेन्द्र गौतम निदेशक, श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, डॉ. मोहम्मद आरिफ संयुक्त सचिव, एसआरसी प्रबंधन समिति, डॉ. अंजू वालिया निदेशक, आईआईएमटी, सहारनपुर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियाँ दीं। शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने भारत माता की वंदना समूह-नृत्य से शुरूआत की, वहीं इंजीनियरिंग, कंप्यूटर एप्लीकेशन, वाणिज्य, लॉ, बायोसाइंस, होम साइंस, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एवं एम.बी.ए. विभाग के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य मंचन प्रस्तुत कर सभागार को भावविभोर कर दिया। प्रस्तुतियों में ए वतन मेरे वतन, तेरी मिट्टी, जय हो, ए मेरे वतन के लोगों जैसे गीतों पर छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीराम ग्रुप आफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ का जन्मदिवस पूरे श्रीराम समूह के परिवार ने मनाया। इस अवसर पर केक काटकर उन्हें दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएँ दी। श्रीराम ग्रुप आफ कॉलेजेज के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए छात्रों से अनुशासन, ईमानदारी एवं परिश्रम को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन बेसिक साइंस विभाग की प्रवक्ता डॉ. रीतू पुंडीर ने किया तथा आभार व्यक्त श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. एस.एन. चौहान ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# श्री कुन्द कुन्द जैन ऐजूकेशन एसोसिएशन, खतौली

कार्यालय- श्री महावीरा टायर एजेन्सीज, विक्रान्त विला, जी0टी0 रोड, खतौली (मुजफ्फरनगर)

## सूचना- बैठक साधारण सभा

सदस्य संख्या .......................... दिनांक 19.08.2025

महोदय/ महोदया,

इस पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि श्री कुन्द कुन्द जैन एजूकेशन एसोसिएशन, खतौली की साधारण सभा की बैठक दिनांक 26/10/2025, दिन-रविवार को प्रात: 8:00 बजे श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज, रेलवे रोड, खतौली के प्रांगण में होनी निश्चित की गई है, जिसमें निम्नलिखित एजेण्डों पर विचार विमर्श होगा।

## एजेन्डा

1. पिछली साधारण सभा की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि।
2. अन्य विषय सभापति की आज्ञा से।
3. श्री कुन्द कुन्द जैन एजुकेशन एसोसिएशन खतौली की कार्यकारिणी एवम् एसोसिएशन द्वारा संचालित श्री कुन्द कुन्द जैन (पी.जी.) कॉलेज, श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज, श्री कुन्द कुन्द जैन कन्या विद्यालय एवम् श्री कुन्द कुन्द जैन पब्लिक स्कूल, खतौली की प्रबंध समितियों के आगामी निर्वाचन हेतु मतदान (यदि आवश्यक हुआ) एवम् चुनाव परिणाम की घोषणा हेतु दिनांक 02/06/2025 को निर्वाचन कार्यक्रम आदि की सूचना प्रेषित की गयी थी। जिसको माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा रिट संख्या 20292/2025 के निर्णय के अनुसार रोक दिया गया था। परन्तु माननीय उच्च न्यायालय की स्पेशल रिट संख्या 496/2025 के निर्णय के अनुसार चुनाव कार्यक्रम पर लगी रोक को हटा लिया गया है। जिसका निर्वाचन कार्यक्रम दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन में दिनांक 18/08/2025 को प्रकाशित हो चुका है।

नोट- साधारण सभा के सभी सदस्यों को साधारण सभा की बैठक व निर्वाचन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी डाक के माध्यम से भेज दी गई है। इसके अतिरिक्त जानकारी के लिए एसोसिएशन कार्यालय से सम्पर्क करें।

संजय जैन
अध्यक्ष

दीपक कुमार जैन
मंत्री

श्री कुन्द कुन्द जैन एजूकेशन एसोसिएशन, खतौली



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध महाभियोग

राहुल गांधी की प्रेजेंटेशन और चुनाव आयोग के कड़े जवाब के बाद विपक्ष ने चुनाव आयोग पर हमला तेज कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने इंडिया गठबंधन की बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव रखा। आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस से बढ़ा विवाद अब संसद तक पहुंच सकता है। यह भी साफ है कि महाभियोग का प्रस्ताव केवल प्रस्ताव भी रह सकता है, क्योंकि विपक्ष के पास नम्बर नहीं हैं। राहुल गांधी ने हाल ही में एक प्रेजेंटेशन के जरिए चुनाव आयोग पर वोटरों की सूची में धांधली और भाजपा को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया था। इसके बाद बवाल मच गया और चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष रखा। आयोग ने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि उसके कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति न की जाए और सभी आरोपों के सबूत पेश किए जाएं। आयोग ने वोट चोरी जैसे वाक्यों पर सख्ती दिखाई, इस सख्ती के बाद ही विपक्ष महाभियोग का चर्चा कर रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया ब्लॉक की बैठक में प्रस्ताव रखा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने पर विचार होना चाहिए। कई दलों ने इस प्रस्ताव का समर्थन भी किया है, लेकिन अभी तक अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। विपक्ष का कहना है कि चुनाव आयोग की कार्यशैली लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। इंडिया गठबंधन की बैठक में तृणमूल कांग्रेस, राजद, सपा और डीएमके समेत कई दलों ने चुनाव आयोग की आलोचना की। सभी दलों का कहना था कि चुनाव आयोग की भूमिका लोकतंत्र के लिए सवाल खड़े कर रही है और इसे रोकने के लिए सामूहिक कदम उठाने होंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विपक्ष चुनाव आयोग पर हमलावर रहकर 2026 के चुनाव से पहले माहौल बनाना चाहता है। महाभियोग का मुद्दा चाहे सफल हो या न हो, लेकिन विपक्ष इसे चुनावी नैरेटिव के तौर पर इस्तेमाल करेगा। विपक्षी सांसदों का मानना है कि इस लड़ाई को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने भी इस मुद्दे पर बात की और कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव सहित सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। वे दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद ही से दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर संसद में बहुत कम कामकाज हुआ है। ज्यादातर एसआईआर मुद्दे पर ही सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई है। संसद में विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल स्पेशल इंटेंसिव रिविजन और अन्य मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सांसदों को कड़ी चेतावनी देते हुए उनसे सरकारी संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनता ने आपको सरकारी संपत्ति नष्ट करने के लिए नहीं भेजा है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं और आपको चेतावनी देता हूं कि किसी भी सदस्य को सरकारी संपत्ति नष्ट करने का विशेषाधिकार नहीं है। उन्होंने सांसदों को आगाह करते हुए कहा कि अगर वे ऐसा करते रहे, तो उन्हें कुछ निर्णायक फैसले लेने पड़ेंगे। बिरला ने कहा, अगर आप सरकारी संपत्ति नष्ट करने की कोशिश करेंगे, तो मुझे कुछ निर्णायक फैसले लेने पड़ेंगे और देश की जनता आपको देखेगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने की प्रक्रिया संसद के दोनों सदनों में शुरू हो सकती है। अक्षमता प्रमाणित होने पर उन्हें हटाया जा सकता है। लोकसभा या राज्यसभा में प्रस्ताव पेश किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए लोकसभा में 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया को भी महाभियोग नहीं कह सकते है। इसे हटाने की प्रक्रिया कहा जा सकता है। मानसून सत्र शुरू होने के बाद ही से सदन की कार्यवाही बार-बार ठप हो रही है। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़ दें, तो लोकसभा और राज्यसभा में लगभग हर दिन स्पेशल इंटेंसिव रिविजन ऑफ वोटर लिस्ट का मुद्दा छाया हुआ है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर दरअसल एक साज़िश है, जिससे बिहार विधानसभा चुनाव से पहले लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया जा सके। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और सरकार दोनों पर सीधा हमला बोला। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है, लेकिन जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर भी वही आरोप लगाते हैं, तो उनसे क्यों नहीं? क्या कानून सिर्फ विपक्षी नेताओं के लिए है? राहुल के इस बयान से माहौल और गरमा गया।भाजपा का रुख बिल्कुल अलग है। भाजपा का कहना है कि विपक्ष तथ्यों के बजाय भ्रम फैलाने का काम कर रहा है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष को संसद की कार्यवाही नहीं रोकनी चाहिए। यदि कोई मुद्दा है, तो चर्चा के लिए सदन सबसे उचित मंच है। बार-बार हंगामा करके लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करना गलत है। भाजपा नेताओं का मानना है कि कांग्रेस और सहयोगी दल जनता का विश्वास खोने के डर से चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं। महाभियोग प्रस्ताव को शिगुफा बताया जा रहा है, क्योंकि महाभियोग प्रस्ताव लाना आसान नहीं है। इसके लिए संसद में बड़ी संख्या में समर्थन चाहिए।

विपक्षी दलों की एकता भी परखी जाएगी, क्या वे सचमुच एकजुट होकर महाभियोग की राह पकड़ेंगे या यह केवल दबाव बनाने की रणनीति है? मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर महाभियोग प्रस्ताव की चर्चा ने भारतीय राजनीति का माहौल और तनावपूर्ण बना दिया है। राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं के आरोपों से जहां सत्तापक्ष पर दबाव बढ़ रहा है, सरकार इसे केवल राजनीतिक नाटक बताकर खारिज कर रही है। आने वाले हफ्तों में यह देखना दिलचस्प होगा कि विपक्ष वास्तव में महाभियोग प्रस्ताव की दिशा में कदम बढ़ाता है या फिर यह केवल संसद और सियासत में दबाव की रणनीति भर साबित होती है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'होमियोपैथी' 'देसी' 'जिन्दगी' 'दवा'

होमियोपैथी से जब कुछ फायदा देखा नहीं,  
हारकर फिर दोस्तो देसी दवा लायी गयी।  
जिन्दगी बीमारियों में इस तरह उलझी रही,  
इक दवा नुकसान दी तो दूसरी खायी गायी।






# मंत्री कपिल देव ने किया गंगा बैराज पुल निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**अधिकारियों को पुल निर्माण से जुड़े दिए जरुरी दिशा निर्देश**

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** सदर विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बिजनौर गंगा बैराज पुल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बीते करीब 12 दिनों से बंद चल रहे पुल पर आवागमन शीघ्र अतिशीघ्र शुरू कराया जाए। बिजनौर के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार आमजन की समस्याओं के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि बिजनौर गंगा बैराज पुल मरम्मत की कार्यवाही तेजी से शुरू की गई है और जल्द फिर से पुल पर यातायात बहाल होने की उम्मीद है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार जनता की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। गंगा बैराज पुल मरम्मत के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करते हुए जनता को शीघ्र राहत दी जाएगी। इस दौरान मौके पर मुजफ्फरनगर व बिजनौर के जिलाधिकारी समेत एनएचएआई, सिंचाई विभाग व अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। गंगा बैराज पुल लंबे समय से बिजनौर, मुजफ्फरनगर और पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग रहा है। इसके शीघ्र सुचारू होने से आम जन को बड़ी राहत मिलेगी और प्रदेश सरकार के विकासोन्मुखी संकल्प को और अधिक मजबूती मिलेगी। बता दें, दो दिन पूर्व ही दिल्ली से एनएचएआई की तीन सदस्यीय विशेषज्ञ टीम गंगा बैराज पुल की जांच के लिए यहां पर पहुँची थी। इस महत्वपूर्ण पुल के बंद होने से बिजनौर और मुजफ्फरनगर जनपद ही नहीं बल्कि आसपास के लाखों लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है। दिल्ली और मेरठ जैसे बड़े शहरों से जुड़ाव बाधित होने से यात्रियों को अधिक समय व अतिरिक्त खर्च का सामना भी करना पड़ रहा है। इसके साथ ही गंभीर मरीजों से लेकर छात्र, व्यापारी और किसान सभी इस अव्यवस्था से जूझ रहे हैं। इसके साथ हजारों लोग प्रतिदिन अन्य जिलों से नौकरी और व्यापार के सिलसिले में इस पुल से होकर ही गुजरते हैं, ऐसे में यह मार्ग जीवन रेखा जैसा महत्व रखता है।






## नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**चरथावल, 18 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र में कल देर शाम नाबालिग किशोरी से पीठ बाजार में हुई छेड़छाड़ की घटना के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीया किशोरी गांव के में लग रही साप्ताहिक पैठ में सब्जी लेने गई थी। आरोप है कि वहां पर एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर रात्रि में ही आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार ने हेड कांस्टेबल अजीत कुमार के साथ मिलकर आरोपी मन्नू पुत्र इंद्राज निवासी डेहरा थाना देवबन्द को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



## डिजिटल क्रॉप सर्वे के विरोध में पंचायत सहायकों का प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** जनपद के दर्जनों पंचायत सहायकों ने जिला मुख्यालय पर पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का विरोध करने के साथ मानदेय को बढ़ाने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। इस बीच डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपते हुए उक्त समस्याओं के स्थायी निदान कराए जाने की मांग की। सोमवार को जिले के विभिन्न ब्लॉकों व ग्राम पंचायतों में कार्य कर रहे पंचायत सहायक लंबित मांगों को लेकर जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे और नगर मजिस्ट्रेट के समक्ष धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे कुलदीप चौहान ने कहा कि पंचायत सहायकों के पास पहले ही संसाधनों का अभाव है, ऐसे में क्रॉप सर्वे कर पाने में असमर्थ हैं। वहीं मोबाइल फोन का अभाव, एकल कर्मचारी व्यवस्था, प्रोत्साहन राशि अत्यंत न्यूनतम और पंचायती राज विभाग के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव भी प्रमुख वजह है। उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्तायुक्त मोबाइल उपलब्ध कराने, सम्मानजनक मानदेय दिलाने की मांग करते हुए पंचायत सहायकों ने बताया कि वे ग्राम पंचायतों में कार्यरत हैं और राज्य सरकार की ओर से निर्धारित कार्यों का ईमानदारी से निर्विह्न कर रहे हैं, इसमें पंचायत स्तर पर डिजिटल दस्तावेजों का संधारण व रिकॉर्ड प्रबंधन, जन सुनवाई व पंचायत समिति बैठकों के साथ सरकारी योजनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टियां, जन्म-मृत्यु पंजीकरण एवं जांच में सहयोग, शासन की योजनाओं की आमजन को जानकारी देना व ऑनलाइन आवेदन में सहायता जैसे वृद्धा, निराश्रित व दिव्यांग पेंशन और पारिवारिक लाभ आदि कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों जैसे-स्वास्थ्य, शिक्षा व राजस्व आदि के कार्यों को करने का अनावश्यक दबाव डाला जा रहा है, जो उनकी जिम्मेदारी से बाहर है। कई बार तो इन कार्यों में तकनीकी जानकारी अथवा जरुरी संसाधनों का अभाव होने पर उल्टा पंचायत सहायकों का मानसिक उत्पीड़न किया जाता है। ऐसे में इन परिस्थितियों में कार्य करना बेहद कठिन हो गया है। यहां तक कि मासिक वेतन मात्र छह हजार रुपये है, जो कि कार्यों के अनुरूप नहीं है। इस मामले में कई बार संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाकर शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से कुलदीप चौहान, अजय, स्वाति, नेहा, शमा, ज्योति कश्यप, मोहित कुमार, हरिओम, पूनम धीमान, काजल, मोनिका, रजनी, सोनम, विपुल, मेघा आदि मौजूद रहे।



## पुलिस अफसरों संग व्यापारियों की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर मंथन

**- अपराध की रोकथाम के लिए एसपी क्राइम ने दिए जरुरी टिप्स - सीसीटीवी कैमरों की जरुरत पर दिया जोर, मांगा सहयोग**

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** पुलिस अधीक्षक अपराध की अध्यक्षता में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी में सुरक्षा संबंधित तमाम सुझावों को आदान-प्रदान किए जाने के साथ साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया। साथ ही व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं को सुनते हुए उनके त्वरित, विधिक निस्तारण को संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुजफ्फरनगर पुलिस जनपद में व्यापारियों के साथ आमजन की सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में व्यापारियों के साथ ट्रांसपोर्टर संघ के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी की जाती है। इसी क्रम में सोमवार को एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों के साथ ही व्यापारी सुरक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों सहित सीएफओ अनुराग कुमार, नगर क्षेत्र के थानों के निरीक्षक अपराध, पीडब्लूडी विभाग अधिकारी, साइबर थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उक्त गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक क्राइम ने व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों से सुझाव लेने के साथ उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं की समीक्षा कर निराकरण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही व्यापारियों को सम्पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन देते हुए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक क्राइम ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस निरंतर शहर में गश्त करती है मगर इसके साथ व्यापारियों को भी सुरक्षा के प्रति सतर्क होना पड़ेगा। उन्होंने व्यापारियों को सुरक्षा कारणों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, सीसीटीवी कैमरों की दिशा सही रखने, आपसी समन्वय से मार्ग पर भी सीसीटीवी कैमरा लगवाने, रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था रखने, आपसी सहयोग से मार्केट में सुरक्षा गार्ड व चौकीदार रखने, व्यापारिक कार्यों के दौरान कैश का परिवहन करने से पूर्व पुलिस को सूचित करने, किसी व्यापारी बंधु को किसी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति से किसी प्रकार का खतरा होने पर पुलिस को तत्काल सूचना देने आदि के संबंध में अवगत कराया। बैठक में साइबर थाना प्रभारी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को साइबर फ्रॉड व ऑनलाइन ठगी व इनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी। बैठक में संजय मित्तल, अजय सिंगल, विश्वदीप गोयल, नीरज बंसल, पुनीत सिंघल, अनुराग सिंगल, मनोज पुंडीर, अविरल मित्तल, राकेश त्यागी, सुरेंद्र मित्तल, कप्तान सिंह, स. सतपाल सिंह, संदीप जैन, दीपक शर्मा, विजय छाबड़ा, स. गुरुवचन सिंह आदि मौजूद रहे।




### ग्राम सलारपुर में लगाया निःशुल्क कैंप, 560 लोगों ने उठाया लाभ

**जानसठ, 18 अगस्त (बु.)।** बरसात के मौसम के बाद पानी के भराव आदि की वजह से लोग बीमार पड़ने शुरू हो जाते हैं, जिसको लेकर भारत हॉस्पिटल जानसठ के चिकित्सकों द्वारा एक निःशुल्क कैंप का आयोजन ग्राम सलारपुर में किया गया। कैंप में कुल 560 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। क्षेत्र के गांव सलारपुर में भारत हॉस्पिटल जानसठ के द्वारा एक निःशुल्क कैंप का आयोजन जुनैद मंसूरी के प्रतिष्ठान पर किया गया। कैंप का उद्घाटन ग्राम पंचायत सलारपुर के प्रधान राजकुमार धीमान ने फीता काटकर किया, जिसमें डॉ. अभिषेक व डॉ. अंजलि लाम्बा ने कुल 560 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित करते हुए बताया कि बरसात के मौसम के बाद जल भराव आदि की समस्या से डेंगू, मलेरिया आदि बीमारी शुरू हो जाती है। साफ-सफाई के द्वारा इन रोगों का रोकथाम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तेज बुखार खांसी जुकाम होने पर चिकित्सक की सलाह से ही दवाइयां लेनी चाहिए। इस संबंध में पूरी जानकारी गांव के लोगों को दी गई। डॉ. अंजलि लाम्बा ने गर्भवती महिलाओं को बताया कि उनको समय-समय पर अपने चेकअप कराने चाहिए। साथ ही खाने-पीने का ध्यान भी रखना चाहिए। ग्राम प्रधान राजू धीमान व गांव के गणमान्य लोगों ने भारत हॉस्पिटल के चिकित्सक वह गांव में प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान ओमपाल प्रजापति, मुकेश, इशरत हुसैन, नौशाद अब्बासी, आबिद अंसारी, मोहित, डॉ. कामिल, डॉ. मोनीश, डॉ. एस.के. शर्मा, डॉ. आदेश, डॉ. शकील, डॉ. आलिम सहित गांव के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।


**आवश्यक सूचना**

**सिंघल नर्सिंग होम**

**डॉ. हेमी सिंघल**

M.B.B.S. (MAMC), DGO (LHMC)  
Diplomate American Board of Family Medicine  
Diplomate American Board of Obesity Medicine  
PG Diploma Diabetes & Endocrinology (UK)  
Consultant Endocrinologist & Weight Loss Specialist

**दिनांक 20-08-2025, दिन -बुधवार को**

**डॉ. हेमी सिंघल**

शुगर, थाइरोइड, Pcos, मैडिकल वेटलॉस B.P., कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों को देखेंगी।

नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें

**सिंघल नर्सिंग होम**

कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

M.9837082912, 8800567610

समयः- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक


## पीएम मोदी से मिले शुभांशु शुक्ला

**-आईएसएस से पृथ्वी की खींची गई तस्वीरें प्रधानमंत्री को भेंट की**

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला ने आज पीएम मोदी से मुलाकात की। मिली जानकारी के अनुसार आज पीएम मोदी के साथ मुलाकात के लिए शुभांशु शुक्ला पीएम आवास पहुंचे। जहां पीएम मोदी ने उनका गले लगाकार स्वागत किया। शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी की खींची गई तस्वीरें प्रधानमंत्री मोदी को भेंट की। बता दें कि ग्रुप कैप्टन शुभान्शु शुक्ला एक पायलट हैं। उन्होंने हाल ही में आईएसएस का



दौरा किया था। यह दौरा स्पेस मिशन का हिस्सा था। अब उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की है। इस मुलाकात में उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी अंतरिक्ष कार्यक्रम को लेकर हमेशा उत्साहित रहते हैं। उन्होंने शुभान्शु शुक्ला से मिलकर इस मिशन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अंतरिक्ष में भारत की तरक्की पर भी बात की। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का रविवार तड़के दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत हुआ। दिल्ली पहुंचने पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने किया। उनके लोकसभा में सोमवार को भारत की अंतरिक्ष यात्रा और शुक्ला के ऐतिहासिक मिशन पर विशेष चर्चा हुई।

## शाहपुर में भगवान कृष्ण की भव्य शोभायात्रा का आयोजन

**शाहपुर, 18 अगस्त (बु.)।** नगर में आज श्री आदर्श रामलीला कमेटी एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के संयुक्त तत्वाधान में भगवान श्री कृष्ण की भव्य पालकी शोभायात्रा नगर के प्राचीन शिव मंदिर से विभिन्न मौहल्लों से होते हुए वापस प्राचीन मंदिर शिवालय पर ही संपन्न हुई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों एवं रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला महोत्सव के झंडे का भी पूजन किया गया। श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति शाहपुर के अथक प्रयास से पुराने परंपरागत रूप से 5 दशकों से चली आ रही भगवान श्री कृष्ण की भव्य पालकी यात्रा को आज फिर से बैंड-बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गयी। थाना प्रभारी मोहित चौधरी,चौकी प्रभारी राहुल कुमार के साथ-साथ थाने की पुलिस फोर्स एवं पीएसी पूरी शोभायात्रा में मौजूद रहे। शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहे, वहीं डीजे की धुन पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए। आतिशबाजी का नजारा भी दर्शनीय रहा। स्थान स्थान पर शोभायात्रा का सपनों सरीखा स्वागत किया गया तथा पालकी में सवार कान्हा का पूजन कर आरती उतारी गई एवं प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी बार ठाकुर जी के साथ श्याम बाबा की भी सवारी निकाली गई। प्राचीन शिव मंदिर शिवालय पर भगवान कृष्ण की आकर्षक पालकी का पूजन एवं भव्य शोभायात्रा का विधिवत उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल, मणीकांत मित्तल एवं प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल एवं कुंज मित्तल के द्वारा फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलित भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी ने किया। विशेष पूजन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी एवं प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल के साथ-साथ सभासद मनोज सैनी ने किया। खाटू श्याम जी के रथ का दीप प्रज्ज्वलित समाजसेवी अरविंद पाल एवं सभासद मनोज सैनी ने किया। विशेष पूजन पंडित विजयपाल शर्मा ने संपन्न कराया। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी डॉ. अनुज अग्रवाल एवं विनय गोयल आदि ने ठाकुर जी को पालकी में विराजमान कराया। प्राचीन शिव मंदिर में कान्हा जी की पालकी शोभा यात्रा का विधिवत रूप से हुए शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी, सुनील मित्तल, बालेश सिंघल, राधेश्याम नामदेव, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, चौधरी चंद्रवीर सिंह, राहुल गोयल, पूर्व सभासद भंवर पाल कश्यप, शोभा यात्रा में विशेष सहयोगी बृजमोहन कोरी, अनिल बंसल के साथ-साथ प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल, सभासद मनोज सैनी, अनुज अग्रवाल, मणिकांत मित्तल, रूबी सैनी, सचिव शिवकुमार सैनी, डॉ. देवेंद्र कुड़िया, अनिल बंसल, सुनील मित्तल, प्रवेश गोयल, अक्षय गोयल, विनय गोयल, टोनी शर्मा, अमन सैनी ठाकराण, मुकेश सैनी, डॉ. अमित पाल, पीयूष ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।



## बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा, आरएसडी पब्लिक वाली गली टूटकर गिरा बिजली का खम्बा

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** यूं तो आये दिन बिजली विभाग के कारनामों से आम जनता बखूबी वाकिफ हो चुकी है, मगर जब तक किसी की मौत नहीं हो जायेगी, तब तक बिजली विभाग यूं ही लापरवाहियों की हदें पार करता रहेगा। सोमवार को भी उत्तरी रामपुरी के आरएसडी पब्लिक स्कूल वाली गली में बिजली विभाग का झुका हुआ सीमेंट का खम्बा आखिर टूटकर गिर ही गया। गनीमत रही कि उक्त सीमेंट का खम्बा किसी के सिर पर नहीं गिरा, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि बिजली विभाग तो अंतिम क्षणों तक यही इंतजार करता रहता है कि जब कोई बड़ा हादसा ना हो जाये, तब तक आम जनता की बात एक कान से सुनकर दूसरे कान से या उसी कान से निकाल दी जाये। उक्त खम्बे की शिकायत मौहल्ले वासियों ने विभाग को कई बार की थी, मगर अब खम्बा गिर जाने के बाद सभासद की शिकायत पर बिजली अधिकारी पहुंचे और उक्त खम्बे को लगवाने की कार्यवाही शुरू कर दी। जमीन पर गिरे इस खम्बे से अंदाजा लगा लीजिये कि कितना बड़ा हादसा होने से टला है, बावजूद उसके विद्युत विभाग की धींगामुश्ती जाने का नाम नहीं ले रहा है।



### रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने किया पीएम मोदी को फोन

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पीएम मोदी को फोन किया। फोन पर पुतिन ने पीएम मोदी को अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में पुतिन के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद भी किया। पुतिन से पीएम मोदी ने रूस यूक्रेन युद्ध पर कहा कि भारत ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से बातचीत के दौरान रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की बात दोहराई। पीएम मोदी ने कूटनीति और संवाद के जरिए इस युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान पर दिया।

## उपनिरीक्षक की तत्परता के चलते बैंककर्मी की जान बची

**खतौली, 18 अगस्त (बु.)।** कोतवाली उपनिरीक्षक ने मानवता का परिचय देते हुए रेलवे किनारे जंगल में घायल युवक को प्राथमिक उपचार दिलाकर जान बचाकर सराहनीय कार्य किया। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि बाइक द्वारा गश्त के दौरान कोतवाली उपनिरीक्षक आकाश शर्मा को नगर के सफेदा बाईपास पर रेलवे लाइन के निकट ााड़ियों में किसी के कराहने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर बाइक से उतरकर उप निरीक्षक जब ााड़ियों के निकट पहुंचे, वहां उन्हें एक गंभीर रूप से घायल अवस्था में एक युवक पड़ा दिखाई दिया। घायल युवक की अवस्था को देख बिना कोई देरी किये आकाश शर्मा द्वारा फोन के माध्यम से एम्बूलेंस बुलाकर घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। उपचार के पश्चात होश में आने पर मोहनगंज लखनऊ निवासी युवक भीमराम व पुत्र लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि वह वर्तमान में खतौली नगर स्थित शिवपुरी कॉलोनी में रहते हुए जनपद के एक बैंक में कार्यरत है। छुट्टियों में वह अपने घर लखनऊ गया था। लखनऊ से ट्रेन द्वारा वापसी के दौरान वह खतौली आउटर पर ट्रेन के बोगी के गेट पर खड़े होने के दौरान अनियंत्रित होकर ट्रेन से नीचे गिर गया था तथा अचेत होने के कारण घायल अवस्था में ााड़ी में पड़ा रहा। बैंककर्मी भीमराव द्वारा उपनिरीक्षक आकाश शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# डीएम एवं एसएसपी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बुस.)।** डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तहसील बुढ़ाना के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राशन कार्ड, भूमि विवाद, नगर पालिका, नगर पंचायत राजस्व से संबंधित, श्रम विभाग से संबंधित, पेंशन, विद्युत विभाग से संबंधित, सड़क आदि संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर डीएम ने शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया तथा शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर फीडबैक लिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण कराएं, यदि कोई ऐसी शिकायत है, जिसका जिसका निस्तारण नहीं हो सकता है, उसके संबंध में शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए।। उन्होंने निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान में प्राप्त शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण तथा संतोष जनक एवं समयांतर्गत निस्तारण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाने के उन्होंने निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आइजीआरएस एवं संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त का गुणवत्ता परक एवं समय अंतर्गत निस्तारण किया जाए। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए आइजीआरएस की शिकायत कंप्यूटर पर अपलोड होने से पहले शिकायत को अच्छी तरह से पढ़ लें उसके बाद ही कंप्यूटर पर अपलोड कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए यदि किसी स्तर पर कोई शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बरती जाती है या पेंडिंग में होती है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना बरती जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इसके अतिरिक्त अधिकारीगण द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारीगण व शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही किसी भी अफवाहों की पुष्टि पुलिस/प्रशासन से करने की अपील की गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। डीएम ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से मौके पर पहुंच कर शिकायतकर्ता से शिकायत के सम्बन्ध में फीडबैक लें कि वह संतुष्ट हैं और मौके का फोटो भी कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, एसडीएम बुढ़ाना, अपूर्वा यादव, सीएमओ अनिल कुमार तेवतिया, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## राजा गार्डन इलाके में एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी आग, चार की मौत

**नयी दिल्ली 18 अगस्त (वार्ता)** पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में महाजन इलेक्ट्रॉनिक्स के एक शोरूम में भीषण आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। पश्चिमी दिल्ली के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही मोती नगर पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि चार लोग अंदर फंस गए है। उन्होंने कहा कि शोरूम में फंसे सभी पाँच लोगों को बाहर निकाला गया जिनमें चार की मौत हो गई जबकि एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान आयुषी (22), पायल (20), अमनदीप कौर (22) और रवि (28) के रूप में हुई है जबकि संदीप का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गायब युवक की गुमशुदगी दर्ज, पुलिस तलाश में जुटी

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** 15 से संदिग्ध परिस्थितियों में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला उत्तरी सिविल लाइन निवासी युवक का एक युवक गायब हो गया था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज करा दी है, जिसके आधार पर पुलिस लापता युवक की तलाश कर रही है। आपको बता दें कि उत्तरी सिविल लाइन निवासी शिवम मालवीय चौक के समीप फास्ट फूड बेचने का काम करता था। 15 अगस्त की सुबह लगभग 10 बजे वह अपनी बाइक से कूकड़ा मंडी में कुछ सामान खरीदने के लिए जा रहा है, यह कहकर घर से निकला था। उसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने रिश्तेदारों व परिचितों के घरों पर उसकी काफी तलाश की, जब युवक का कहीं पता नहीं चल पाया तो परिजनों ने मामले की सूचना थाना सिविल लाइन पुलिस को दी। पुलिस ने लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। युवक का मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस उसके मोबाइल की कॉल डिटेल भी खंगाल रही है।

## 4 दिन दो युवकों की चोर समझकर पिटाई का वीडियो वायरल, मामले की जांच एएसपी करेंगे

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** चार दिन पूर्व मोहल्ला रामलीला टिल्ला पर गली में दो युवक घूम रहे थे, जिन्हें लोगों ने संदिग्ध मानते हुए दोनों को दबोच लिया और पिटाई कर दी। मौहल्लेवासियों ने चोर पकड़े जाने की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने भी दोनों युवकों से मारपीट की। इसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़कर चौकी ले आई। पुलिस ने दोनों से जब पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि दोनों युवक रामलीला टिल्ला के ही निवासी हैं तथा दोनों युवक नशे के आदी हैं और नशा करने के लिए गली में घूम रहे थे, जिन्हें दोनों को चोर समझकर लोगों ने पकड़ लिया और पिटाई कर दी। बाद में पुलिस ने दोनों युवकों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सोमवार को पिटाई का वीडियो वायरल हुआ, तो पुलिस अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लिया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि वीडियो में युवकों को डंडे मारने वाले पुलिसकर्मी डायल-112 के बताए जा रहे है। मामले की जांच एएसपी सिद्धार्थ मिश्रा को दी गयी है।

## दहेज हत्या में पुलिस ने पति, सास व दो ननंद को जेल भेजा

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** दहेज हत्या के मामले में नई मंडी कोतवाली पुलिस ने विवाहिता के पति, सास व ननद को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। विवाहिता ने फांसी लगाने से पहले अपने व्हाट्सएप पर दहेज प्रताड़ना का स्टेट्स लगाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। हालांकि उसके परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया था।



आपको बता दें कि 30 जनवरी 2025 को भोपा के होली चौक निवासी सुबोध शर्मा की बेटी गोल्डी शर्मा की शादी नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिवपुरी में मयंक शर्मा के साथ सम्पन्न हुई थी। विवाहिता ने रविवार सुबह अपने मोबाइल के व्हाट्सएप पर पति, सास व ननद पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का स्टेट्स लगाया था, उसके बाद अपने कमरे में जाकर पंखे के कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। पुलिस ने उक्त प्रकरण में विवाहिता के पति मयंक, सास समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि पुलिस ने पति मयंक शर्मा, सास रेखा व ननद छवि को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर में शामिल जवान के साथ टोल प्लाजा पर मारपीट, 6 गिरफ्तार

**मेरठ, 18 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी के मेरठ में ड्यूटी पर जा रहे सेना के एक जवान पर टोल प्लाजा कर्मचारियों ने कथित तौर पर हमला किया। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना रविवार को सरूरपुर इलाके के भूनी टोल प्लाजा पर हुई, जब गोटका गांव का रहने वाला कपिल छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौट रहा था। टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतार में उसकी कार फंस गई थी। कपिल ने टोल प्लाजा कर्मचारियों से वाहनों को जल्दी हटाने का आग्रह किया, जिससे विवाद हो गया। अधिकारी ने बताया कि जब बहस बढ़ गई, तो टोल प्लाजा कर्मचारियों ने कपिल की पिटाई कर दी। पुलिस ने जवान के परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। मेरठ-करनाल हाईवे पर भूनी टोल के कर्मचारियों ने रविवार रात गांव गोटका निवासी सेना के जवान कपिल पर हमला कर दिया। बचाव करने पर उसके चचेरे भाई शिवम को भी आरोपियों ने पीटा। इससे दोनों भाई घायल हो गए। ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा किया, तो आरोपी भाग गए। घायल जवान के पिता कृष्णपाल की ओर से सरूरपुर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। राजपूत बटालियन का जवान कांस्टेबल गोटका निवासी कपिल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान श्रीनगर में तैनात था। कांवड़ यात्रा के दौरान वह छुट्टी पर आया था। कपिल ने बताया कि सोमवार को उसे श्रीनगर में ड्यूटी पर अपनी बटालियन में आमद दर्ज करानी थी। उसकी सोमवार सुबह 5 बजे दिल्ली से फ्लाइट थी। रविवार रात 9 बजे उसका चचेरा भाई शिवम कार से उसे दिल्ली एयरपोर्ट छोड़ने के लिए जा रहा था।

**श्रीनगर से लौट रहा था फौजी, पूर्व विधायक संगीत सोम बैठे धरने पर**





### जाओ कप्तान बुलाकर लाओ वो भी मेरे साथ बैठेगा

**मेरठ।** मेरठ में टोल प्लाजा पर भारतीय सेना के जवान के साथ मारपीट का मामले ने सियासी रंग अख्तियार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक संगीत सोम इस मामले पर धरने पर बैठ गए हैं। उनके धरने पर बैठने के बाद वहां जब पुलिस पहुंची, तो सोम ने कहा कि तुम कप्तान नहीं हो ना, उसको बुलाकर लाओ, वो भी यहीं बैठेगा मेरे साथ।

### सेना जवान से मारपीट पर एनएचएआई का तगड़ा एक्शन

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में भूनी टोल प्लाजा पर सेना के जवान के साथ हुई बर्बर मारपीट ने सनसनी मचा दी है। मामला इतना तूल पकड़ चुका है कि सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम तक धरने पर बैठ गए। जनता और नेताओं के बढ़ते दबाव के बीच नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आखिरकार कमर कस ली और कड़ा एक्शन लेते हुए टोल संग्रह एजेंसी मैसर्स धरम सिंह पर 20 लाख रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। इतना ही नहीं, कंपनी को भविष्य में टोल प्लाजा की बोलियों से प्रतिबंधित करने और अनुबंध रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

# चीन के विदेश मंत्री पहुंचे भारत, दिल्ली में जयशंकर से की मुलाकात

**नई दिल्ली, 18 अगस्त (एजेंसी)।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत दौरे पर हैं। वे शाम करीब सवा 4 बजे नई दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुए। वे 3 दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं और आते ही उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। बता दें कि चीन के विदेश मंत्री का भारत दौरा भारत और चीन संबंधों को सामान्य करने की दिशा में बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक चीन दौरे पर जाएंगे और शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, इसलिए भी महत्वपूर्ण है।



चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन से पहले विदेश मंत्री वांग की भारत यात्रा काफी अहम है। इस दौरे के अच्छे परिणामों और निर्णयों की कामना करते हैं। आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ लड़ाई दोनों देशों की प्राथमिकता है। भारत और चीन मिलकर मजबूत और स्थिर सम्बंधों, सहयोगी और दूरदर्शी द्विपक्षीय संबंधों को बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे, जो दोनों देशों के हितों की पूर्ति के लिए जरूरी हैं। सीमा विवाद की चिंताओं का समाधान करना भी अहम मुद्दा रहेगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन के विदेश मंत्रियों के बीच अक्टूबर 2024 में कजान में हुई मुलाकात के बाद से किसी चीनी मंत्री की पहली भारत यात्रा है। यह यात्रा भारत और रूस के द्विपक्षीय सम्बंधों की समीक्षा करने का अवसर देगी। साल 2020 में गलवान घाटी में सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के सम्बंधों ने कठिन दौर देखा, लेकिन अब दोनों देश मिलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए दोनों देशों की ओर से पारस्परिक सम्मान, पारस्परिक संवेदनशीलता और पारस्परिक वार्ता होनी चाहिए। 2 देशों की सीमा को लेकर जो मतभेद हैं, उनको विवाद, प्रतिस्पर्धा या संघर्ष में नहीं बदला जा सकता। बता दें कि चीन के विदेश मंत्री 19 अगस्त की सुबह 11 बजे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मिलेंगे। दोनों के बीच 24वीं विशेष प्रतिनिधि बैठक होगी, जो भारत-चीन सीमा विवाद पर केंद्रित रहेगी। शाम 5:30 बजे चीन के विदेश मंत्री प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे। चीन के विदेश मंत्री के भारत दौरे का एजेंडा सीमा विवाद, ट्रंप टैरिफ, द्विपक्षीय संबंध है। साल 2020 में गलवान घाटी में सैन्य संघर्ष झड़प के बाद दोनों देशों मे सीमा विवाद छिड़ा था। इसलिए विदेश मंत्रियों के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थायी शांति बनाए रखने के उपायों पर चर्चा होगी।

# देहरादून ड्रग विभाग टीम ने जिला परिषद मार्केट में मारा छापा, मचा हड़कंप, एक को लिया हिरासत में

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** जिला परिषद मार्केट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब नारकोटिक्स विभाग की देहरादून से आई एक टीम ने दवा व्यापारी विजेंद्र शर्मा को नारकोटिक्स दवाओं के हेर फेर में अपने साथ ले गई। टीम द्वारा आरोपी को सादे कपड़ों में मौके से दबोचा गया समय गंवाए बिना अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई ने बिना किसी स्थानीय पुलिस या स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के होने के कारण कई सवाल खड़े खड़े हो गए है। संबंधित विभाग के अधिकारी ने टेलीफोनिक जानकारी देते हुए इस कार्रवाई पर कई सवाल खड़े किए, साथ उन्होंने इस कार्रवाई के खिलाफ जिलाधिकारी से खुली वार्ता करने की बात कही, उन्होंने कहा कि इस तरह से कार्रवाई होने पर ये स्पष्ट नहीं हो पाता कि पकड़े गए आरोपी पर सही में कार्रवाई की गई है या फिर उसको डर का माहौल बनाकर उसका दुरुपयोग किया गया है। ऐसे में लोकल ड्रग्स टीम पर भी कई सवाल खड़े होते है और जवाद देही भी बनती है। जिसका जवाब देते समय हमें जानकारी नहीं होने पर शर्मिंदगी उठानी पड़ती है।

### व्यापारी को पकड़ा, देर रात छोड़ा

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को नारकोटिक्स विभाग की एक टीम देहरादून से मुजफ्फरनगर पहुंची। उन्होंने सीधे जिला परिषद मार्केट में स्थित दवा व्यापारी विजेंद्र शर्मा की दुकान पर छापा मारा। सादे कपड़ों में आए अधिकारियों ने विजेंद्र शर्मा को पकड़ लिया और अपनी गाड़ी में बिठाकर अपने साथ ले गए। इस अचानक हुई घटना से मार्केट में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। व्यापारी के पुत्र वीरेन्द्र ने बताया कि उनके पिता को रुड़की ले जाने के बाद टीम ने छोड़ दिया है और वे रात तक घर वापस लौट आएंगे।

### स्थानीय अधिकारियों खबर से अंजान

**मुजफ्फरनगर।** इस छापेमारी की सबसे खास बात यह रही कि नारकोटिक्स विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस या स्वास्थ्य विभाग को इसकी कोई जानकारी नहीं दी। आमतौर पर, जब भी कोई बाहरी विभाग इस तरह की कार्रवाई करता है, तो वह स्थानीय प्रशासन को सूचित करता है ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और प्रक्रिया में पारदर्शिता रहे। डीआई मुजफ्फरनगर पवन शाक्य ने भी इस तरह की किसी घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

### बाजार में चर्चाओं का गर्म है माहौल

**मुजफ्फरनगर।** इस घटना को लेकर जिला परिषद मार्केट में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि विजेंद्र शर्मा को बिना किसी स्थानीय अधिकारी की मौजूदगी के ले जाना नियमों के खिलाफ है। वे इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि आखिर विजेंद्र शर्मा पर किस तरह के आरोप हैं और उन्हें कहां ले जाया गया है। कुछ लोगों का मानना है कि यह कार्रवाई किसी बड़े मामले से जुड़ी हो सकती है।

# 4 हफ्ते बंद रहेगा मंगल बाजार, क्या होगा जनता और व्यापारियों का हाल

**अग्निवीर सेना की भर्ती के चलते नुमाइश कैंप ग्राउंड को किया भारतीय सेना के हवाले**

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** अग्निवीर सेना भर्ती का शेड्यूल जारी हो चुका है। आपको बता दें कि यह भर्ती जनपद मुजफ्फरनगर में 21 अगस्त से 9 सितंबर तक होनी है, परंतु इसकी तैयारी को देखते हुए सेना की टुकड़ियों ने यहां पहले ही डेरा डाल दिया है। इसका परिणाम यह है कि पहले ही प्रशासन की ओर से नोटिफिकेशन जारी करके मंगल बाजार को 4 हफ्ते बंद करने के आदेश जारी कर दिये हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि व्यापारी वर्ग जो हफ्ते में एक बार यहां अपनी किस्मत का दांव खेलता था और वो ग्राहक जो सस्ते सामान के लिये इस मंगल बाजार में आते थे, लेकिन अब चार हफ्ते का जब यह बाजार नहीं लगेगा, तो इस स्थिति में जनता और व्यापारियों का क्या होगा, यह सोचने वाली बात है।

आपको प्रशासन की नोटिफिकेशन के आधार पर बता दें कि मंगल बाजार हर मंगलवार के दिन लगता था। प्रशासन की नोटिफिकेशन के अनुसार 19 अगस्त, 26 अगस्त, 2 सितंबर और 9 सितंबर को यह बाजार बंद रहेगा। इसके आदेश पहले ही पंकज प्रकाश राठौर, जो कि नगर के नगर मजिस्ट्रेट हैं, ने जारी कर दिये हैं। जाहिर है कि यह आदेश सीधे तौर पर केंद्रीय रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी आदेशों के बाद किये गये होंगे। क्योंकि बुलेटिन की टीम ने जब नुमाइश कैंप ग्राउंड और उसके आसपास के क्षेत्र का दौरा किया, तो वहां पर सेना का भारी जमावड़ा देखने को मिला है।

जानकारी के अनुसार यहां पर गोरखा रेजिमेंट और सिख रेजिमेंट के जवानों ने मोर्चा संभाला हुआ है। इस भर्ती प्रक्रिया में आसपास के 18 जिलों से बच्चे आयेंगे। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि सेना को ग्राउंड सपोर्ट दी जाये। हम बात कर रहे हैं मंगल बाजार की, जोकि 4 हफ्ते के लिये बंद कर दिया गया है। अब जानकारी के अनुसार जितने दिन यह बंद रहेगा, उतने दिन व्यापारी वर्ग से ठेके के पैसे नहीं लिये जाएंगे। लेकिन इन टैक्स के पैसों से व्यापारियों का चार हफ्ते तक जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई कौन करेगा? मंगल बाजार में बड़े-बड़े व्यापारी ही नहीं, बल्कि छोटे-छोटे दुकानदार भी अपना भविष्य अजमाते हैं। कोई फल वाला होगा, तो कोई कपड़े वाला, जो थोड़ा सा ही सही, पर कमाई की आस लिये इस बाजार में आते हैं। उनके लिये तो अब 4 हफ्ते की कमाई पर पूर्ण विराम लग गया है। ग्राहक को अब घर के पास सस्ता सामान ना भी मिले, परंतु अब इसके चलते शहर के व्यापारियों को फायदा जरूर होगा। क्योंकि ग्राहकों को तो रोजमर्रा के जीवन की चीजें, खरीदनी ही हैं। अब मंगल बाजार नहीं, तो उनका रूख शहर के बाजार की ओर रहेगा। हमारा सवाल बस इतना है कि अगर यहां बाजार नहीं लग सकता, तो इसका आयोजन 4 हफ्ते के लिये कहीं और नहीं हो सकता था, क्योंकि बड़ा व्यापारी तो बैकअप लेकर चलता है, लेकिन छोटा व्यापारी जिसको हफ्ते में एक दिन अच्छी कमाई की उम्मीद होती है, वो क्या करेगा? यह गहन चिंतन का विषय है। फिलहाल अगर पहले से प्रशासन को इस भर्ती की जानकारी थी, तो मंगल बाजार का प्रबंध किया जा सकता था, लेकिन जो होना था वो हो चुका है। इस पर बहस की भी नहीं जा सकती, क्योंकि मामला सीधा-सीधा केंद्रीय रक्षा मंत्रालय से जुड़ा हुआ है।



## रामदेव काना जिसके नाम पर कमा खा रहा है, उसका इतिहास यहीं गोंडा से है : बृजभूषण

**गोंडा, 18 अगस्त (एजेंसी)।** कैसरगंज से पूर्व बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह और बाबा रामदेव के बीच कई सालों से विवाद चल रहा है। दोनों अक्सर सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर टीका टिप्पणी करते नजर आ जाते हैं। इस बीच, सोशल मीडिया पर बृजभूषण सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह रामदेव को लेकर विवादित बयान देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर कर कई यूजर्स बृजभूषण को ट्रोल कर रहे, तो कई ऐसे हैं, जो उनकी बातों का समर्थन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बृजभूषण सिंह गोंडा में किसी कार्यक्रम में शिरकत करने गए थे। वहां उनको किसी बात पर फिर से बाबा रामदेव की याद आ गई। बृजभूषण सिंह ने कहा- 'रामदेव काना जिसके नाम पर कमा खा रहा है, महर्षि पतंजलि का इतिहास भी यहीं गोंडा से है।' पूर्व सांसद के इतना कहते ही वहां उपस्थित जनसमूह हंसते हुए तालियां बजाने लगा। गोंडा जिले में वजीरगंज क्षेत्र का कोंडर गांव महर्षि पतंजलि की जन्म स्थली माना जाता है। कोंडर झील के किनारे स्थित यह गांव अपनी ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान के लिए जाना जाता है। यहां महर्षि पतंजलि ने योग की शिक्षा दी और अन्तर्ध्यान हो गए। गांव के महंत पवन दास का कहना है कि महर्षि पतंजलि ने यहां रहकर योग का प्रचार किया। बृजभूषण सिंह अपने संबोधन के दौरान यही कहना चाह रहे थे कि रामदेव जिस महर्षि पतंजलि के नाम से कमा खा रहे हैं वे भी गोंडा के रहने वाले हैं।



# लगातार बढ़ रही गुंडागर्दी, सदर बाजार में व्यापारियों से मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)।** रविवार को सदर बाजार स्थित सीमेंट की एक दुकान पर कुछ गुंडा तत्व पहुंचे और दुकान में आए ग्राहकों से अचानक मारपीट करने लगे। मारपीट में जब दुकान मालिक वीशू त्यागी व आशीष जैन बीच-बचाव कराने के लिए पहुंचे तो उक्त युवकों ने व्यापारियों से ही मारपीट कर डाली, जिसमें आशीष जैन चोटिल हो गए। व्यापारियों ने जब उक्त युवकों की पहचान की तो ये युवक अपूर्व त्यागी और अनमोल त्यागी नाम से पहचाने गए और पुलिस ने अनोखे कारनामे को अंजाम देते हुए पहले इन दोनों युवकों को पकड़ा और उसके बाद उन्हें किसी की सिफारिश पर छोड़ दिया। इस बात से व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया और व्यापारी नेता शलभ गुप्ता के नेतृत्व में इकट्ठा होकर एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ से मिले और मामले की पूरी जानकारी से अवगत कराया तथा एसओ सिविल लाइन आशुतोष कुमार को तहरीर दी गयी और उचित कार्यवाही की मांग की। सूचना मिली कि तहरीर देने के बाद पुनः व्यापारियों पर हमला किया गया और फिर एक बार व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। इस दौरान व्यापारी नेता शलभ गुप्ता के साथ तहरीर देने में संजय मिश्रा, जनार्दन विश्वकर्मा, राकेश त्यागी, सुरेंदर मित्तल, आकाश अग्रवाल सदर बाजार इकाई अध्यक्ष, सचिन शर्मा, आशीष जैन, विशु त्यागी, हरेंदर चौधेरी, राजेश संगल, विजय प्रताप सिंह, राहुल, अतुल सिंघल, पियूष गोयल, अंकुर गोयल, रजनीश बंसल, प्रवीण तायल, संजीव सिंघल, सर्वेश तायल, विपिन त्यागी, शिवांश आदि व्यापारीगण शामिल रहे।



## कौशांबी में चाची ने की आत्महत्या, प्रेमी भतीजे ने भी खाया जहर

**कौशाम्बी 18 अगस्त (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के मंझनपुर क्षेत्र में चाची और भतीजे की आशिकी का मामला सामने आया है। सामाजिक मयार्दा से भयभीत चाची ने रविवार को जहर खाकर लिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई वहीं प्रेमिका चाची की मौत से आहत भतीजे ने भी सोमवार को जहर खा लिया,जो जिला अस्पताल में जीवन मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। सूत्रों के अनुसार मामला मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के हटवा रामपुर गांव का है जहां विमला देवी (36) का अपने परिवार के भतीजे विशोक उर्फ रामराज (20) के साथ दो साल से प्रेम संबंध चल रहा था। विमला का पति पिंटू परिवार चलाने के लिए बाहर नौकरी करता है। समय की गति के साथ चाची और भतीजे का प्यार परवान चढ़ा तो परिवार की बंदिशे भी शुरू हो गई, जिसे लेकर आपस में विवाद हुआ और मामला पुलिस तक पहुंचा, जिसके बाद दोनों पक्षों ने आपस में समझौता भी कर लिया था। रविवार को विमला देवी ने जहर खा लिया जिसे अस्पताल में भर्ती करता गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। प्रेमिका चाची की मौत से प्रेमी भतीजा आहत हो गया और सोमवार को उसने भी जहर खा लिया, विशोक के जहर खाने के बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लाए, जहां उसका इलाज चल रहा है और वह जीवन के लिए मौत से संघर्ष कर रहा है। पुलिस इस मामले में पड़ताल कर रही है।

# संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शहजाद पर लगाया संगठित गिरोह बनाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु)।** थाना छपार के अन्तर्गत आने वाले गांव ग्राम खामपुर में एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां राहुल उपाध्याय पुत्र रामकुमार उपाध्याय ने पुलिस में तहरीर दी है कि गांव का शहजाद पुत्र अलाऊदीन हिस्ट्रशीटर बदमाश जिसने संगठित गिरोह बना रखा है, जिसका सरगना उक्त शहजाद है, जो अपने आपको संयुक्त किसान मोर्चा का कार्यकर्ता बताता है। जो कि आस पास के गांव मे गोकशी का कार्य करता है और रेत खनन का कार्य भी कराता है और उनसे उगाही करके धन संग्रह करता है। राहुल ने तहरीर में बताया कि चिढकर उक्त शहजाद व उसके संगठित गिरोह के सदस्य प्रार्थी से रंजिश रखते हैं तथा लगातार जान से मारने की धमकी देते रहते है। राहुल ने बताया कि उसको गला रेतकर हत्या करने की धमकी दी थी, जिसकी शिकायत प्रार्थी ने थाने में की थी, जिसके सम्बन्ध में थाना छपार में मामला दर्ज हुआ था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। राहुल ने बताया कि गांव वालों ने बताया कि शहजाद व उसके संगठित गिरोह ने षड़यंत्र रचकर तुम्हारी हत्या कराने के लिये बाहर से बदमाश बुला रखे हैं और उक्त शहजाद व उसके संगठित गिरोह ने ऐलानिया धमकी दी है कि हम तुझे जान से मारकर रहेगें। प्रार्थी व प्रार्थी का परिवार काफी डरा हुआ है कि कहीं उक्त शहजाद व उसका संगठित गिरोह उसकी हत्या ना कर दें या करा दे।

## 2 साल से फरार दो लाख का इनामी हरीश हत्थे चढ़ा

**मेरठ, 18 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 साल से फरार दो लाख के इनामी कुख्यात बदमाश हरीश को गिरफ्तार कर लिया। मेरठ के भैंसाली बस अड्डे के पास दबोचे गए हरीश पर हत्या, लूट, रंगदारी, गैंगस्टर समेत अन्य मुकदमे दर्ज हैं। मुजफ्फरनगर और बागपत जिले की पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। उसके खिलाफ बागपत, शामली व मुजफ्फरनगर के थानों में 34 मुकदमे दर्ज हैं। एसटीएफ के प्रभारी बृजेश सिंह के अनुसार हरीश ब्रह्मपाल निवासी गांव भोजकला, थाना भौराकलां, जिला मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। मंगलवार दोपहर करीब 1:25 बजे एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि बदमाश भैसाली बस स्टैंड के पास है। वहां जाकर पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह काफी समय से पंजाब के पटियाला में अपने परिवार के साथ रह रहा था और वहीं पर एक किराना की दुकान पर मजदूरी कर रहा था। करीब 45 वर्षीय हरीश का आपराधिक सफर 1992 से शुरू हुआ। गांव के ही एक परिवार से चली रंजिश में उसके घरवालों का झगड़ा हुआ और देखते-ही-देखते यह विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इसके बाद हत्या, रंगदारी और लूट की वारदातों से उसने अपना खौफ कायम कर लिया। पुलिस के मुताबिक, उसने अपने भाई सतीश और अन्य साथियों के साथ मिलकर कई वारदातों को अंजाम दिया।



# यमुना नदी हुई खतरे के निशान के पार, हथिनीकुंड बैराज के सारे गेट खोले गए

**यमुनानगर, 18 अगस्त (एजेंसी)।** यमुना नदी सोमवार को दोपहर बाद खतरे का निशान पार कर गई है। नदी के बाढ़ क्षेत्र में अब किसी को रुकने की इजाजत नहीं है। पहाड़ों पर लगातार हो रही तेज बारिश दिल्ली के लिए भी आफत बन गई है। पानी क्षमता से ज्यादा होने के बाद अब हरियाणा में हथिनीकुंड बैराज के सारे गेट खोल दिए गए हैं। दिल्ली में शाम को सात बजे तक यमुना का जलस्तर 205.59 मीटर रहा। यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली पुलिस और डीडीएमए की राहत बचाव टीमों ने यमुना के किनारे की झुग्गियों में सर्च ऑपरेशन चलाया। प्रशासन ने यमुना के बाढ़ क्षेत्र से सभी को बाहर निकाला। पूर्वी दिल्ली में गीता कॉलोनी के पास बंध रोड पर बने केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से 24 घंटे यमुना के जलस्तर की निगरानी हो रही है।

अधिकारियों का कहना है कि वे बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। दिल्ली बोट क्लब में करीब 24 नौकाएं, गोताखोर, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली स्वास्थ्य विभाग की टीमें आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। हथिनीकुंड बैराज से रविवार को करीब 1.79 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, वहीं सोमवार को फिर दोपहर में करीब 1.80 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रविवार को छोड़ा गया पानी आधी रात में दिल्ली पहुंचेगा, जबकि सोमवार को छोड़ा गया पानी मंगलवार को शाम तक दिल्ली पहुंचेगा। इसके बाद आशंका है कि दिल्ली का जलस्तर 206.0 मीटर के पार चला जाएगा। दिल्ली में इतने जलस्तर को बाढ़ माना जाता है, तब लोगों को यमुना बाढ़ क्षेत्र से हर हाल में बाहर निकाल दिया जाता है। सोमवार की आधी रात में पानी अचानक बढ़ने की आशंका को देखते हुए लोगों को पहले ही बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की गई है। मौजूदा समय हथिनीकुंड बैराज से करीब एक लाख क्यूसेक पानी हर घंटे छोड़ा जा रहा है। पानी बढ़ने के बाद यमुना बाजार इलाके में कई सीवेज का पानी ओवर फ्लो कर रहा है।



## कुत्ते से टकराई महिला दरोगा की बुलेट, कानपुर की रिचा सचान की दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद, 18 अगस्त (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली से सटे यूपी के गाजियाबाद से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। बीती रात जिले के शास्त्री नगर इलाके में एक महिला सब इंस्पेक्टर की बुलेट सड़क पर एक आवारा कुत्ते से टकराई, जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई। महिला सब इंस्पेक्टर का नाम रिचा सचान है और वे मूल रूप से यूपी के कानपुर की रहने वाली थी। रिचा की ड्यूटी कविनगर थाने के अंतर्गत थी और वे शास्त्री नगर के महिंद्रा एन्क्लेव में किराए का कमरा लेकर रह रही थी। बेहद कम उम्र में महिला दरोगा की इस तरह हुई मौत से पुलिस महकमा सदमे में है। रविवार रात को लगभग 1 बजे रिचा रचान अपनी ड्यूटी खत्म कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान शास्त्री नगर में कार्ट चौराहे पर उनकी बुलेट के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। रिचा की बुलेट कुत्ते से टकराई और वे नीचे गिर पड़ीं। उसी वक्त पीछे से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मारी और उनके सिर में गहरी चोट आई। इसके बाद आनन-फानन में उन्हें कविनगर के सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रिचा सचान ने दम तोड़ दिया। कविनगर के एसीपी ने बताया कि शाम को महिला सब-इंस्पेक्टर का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। गौरतलब है कि आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में रखने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बहस छिड़ी हुई है। ऐसे में इस दु:खद खबर ने एक बार फिर सड़कों पर आवारा कुत्तों की मौजूदगी का मुद्दा उठा दिया है। इसी तरह का एक मामला गाजियाबाद में पिछले साल भी सामने आया था, जिसमें कुत्ते से टकराने की वजह से बाइक चालक के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई थी।



# मूसलाधार बारिश और पानी के तेज बहाव में बह गया श्मशान घाट, सामने आया वीडियो

**रूड़की, 18 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के चलते नदियां उफान पर हैं। पहाड़ों में लैंड स्लाइडिंग और बादल फटने की घटनाएं भी हो रही हैं। हरिद्वार के रुड़की क्षेत्र में बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रुड़की के अलावलपुर गांव में सोलानी नदी के तेज बहाव में श्मशान घाट ही बह गया है। इसका वीडियो सामने आया है। अत्यधिक बारिश से रुड़की जिले की नदी और नाले सभी उफान पर हैं। सोलानी नदी का पानी कई गांवों में घुस गया है। ग्रामीणों के घर पानी में डूबे नजर आ रहे हैं। किसानों की फसलों को भी भारी बारिश से नुकसान पहुंचा है। उत्तराखंड में मॉनसून ने इस बार भारी तबाही मचाई है। लगातार मूसलधार बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने राज्य के कई हिस्सों में जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर और देहरादून जैसे जिलों में बारिश ने कहर बरपाया है। उत्तरकाशी के धराली गांव में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। कई लोगों की मौत हो गई। अभी भी मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अल्मोडा, बागेश्वर, चमौली, चंपावत, देहरादून, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, उधमसिंह नगर और उत्तरकाशी में अगले 48 घंटों के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और नदियों के किनारे न जाने की अपील की है।



